सार-समाचार

गर्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित

भीनमाल, (निसं)। गायत्री शक्तिपीठ में महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक यज्ञ में आहुतियां देकर भावी शिशु के संस्कारवान और दीर्घायु होने की कामना की गई। इस अवसर पर महेश व्यास ने कहा कि गर्भ संस्कार गर्भावस्था के दौरान गर्भवती माताओं का मानसिक और भावनात्मक आहार है। जो सकारात्मक, आनंदमय और अनुष्ठानिक जीवनशैली है। जिसका अनुसरण करने की सलाह दी जाती हैं। संस्कार का तात्पर्य गर्भ में बच्चे पर सकारात्मक प्रभाव या मूल्यों को डालना है। गर्भ संस्कार एक प्राचीन भारतीय प्रथा है। जो गर्भवती माताओं को खुश, तनाव-मुक्त और सकारात्मक तरीके से जीने में मदद करती है। इसे बच्चे के जन्म से पहले उसके लिए भावनात्मक और मानसिक पोषण के रूप में सोचें। शान्तिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि हरिकृष्ण द्विवेदी ने बताया कि यह सब माँ की भावनाओं, विचारों और कार्यों के माध्यम से बच्चे के चरित्र और मन को आकार देने के बारे में है। गर्भ में एक बच्चा सकारात्मक ऊर्जा और भावनाओं को समझ सकता है और उनसे सीख सकता है, जो उन्हें बेहतर तरीके से बढ़ने में मदद करेगा। आधुनिक विज्ञान के अनुसार, मानव मस्तिष्क का 80 प्रतिशत विकास माँ के गर्भ में होता है। तनाव, चिंता और नकारात्मकता जैसे कारक इस प्रक्रिया को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर भलाराम, पूर्णा देवी, गीता देवी, मनीषा रामावत, विकास, ललिता देवी, पारसमल, प्रदीप शर्मा, अर्जुन सिंह राव सहित अन्य गायत्री भक्त उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर लगाया

भीनमाल, (निसं)। शहीद दिवस के अवसर पर रविवार को निफा के संवेदना-2 अभियान के अंतर्गत सोनल फाउंडेशन एवं अपेक्स हॉस्पिटल, भीनमाल के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरुधरा ब्लड सेंटर टीम के सहयोग से कुल 45 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ। निफा के स्थानीय कोआर्डिनेटर सोनल फाउंडेशन के संस्थापक कैलाश कुमार जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत माता के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। निफा के संवेदना-2 अभियान के अंतर्गत इस पहल को और अधिक प्रभावी बनाया गया। जिससे अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जा सके। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित रक्तदान करने का संकल्प लिया। जैन ने सफल आयोजन के लिए रक्तदाताओं, मरुधरा ब्लड सेंटर टीम, अपेक्स हॉस्पिटल और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जो न केवल जरूरतमंदों की जान बचाती है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होती है। उन्होंने बताया कि सोनल फाउंडेशन समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और निफा के संवेदना-2 अभियान के माध्यम से जरूरतमंदों तक अपनी सेवा पहुंचा रहा है।

विक्रम भैसाणा दुबारा अध्यक्ष बने

पाली, (नि.सं.)। रावणा राजपूत सोसायटी नगर ईकाई का होली स्नेह मिलन समारोह समाज भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज के जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि समारोह मे वित्तिय वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समाज के मुख्य संरक्षक मूल सिंह भाटी एवं सोसायटी नगर ईकाई के समाज बंधओं की अनुषंषा एवं पूर्व कार्यकाल के सराहनीय कार्य को देखते हुए एडवोकेट विक्रम सिंह भैसाणा को पुनः निर्विरोध सोसायटी नगर ईकाई के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। नियुक्ति के बाद भैसाणा ने सभी का आभार जताते हुए समाज की उचाईयो की ओर अठासर करने की बात कही। इस मौके पर शहर अध्यक्ष रतन सिंह झाला, लाल सिंह पंवार, शंकर सिंह मेडतिया,मोहब्बत सिंह राठौड, नारायण सिंह गहलोत,मोती सिंह सोढा, मंगल सिंह चुण्डावत, बंषीसिंह सिसोदिया,ईश्वर सिंह, मालम सिंह पंवार, अर्जुन सिंह देया, घीसू सिंह, नरेन्द्र सिंह,लक्ष्मण सिंह, ढगल सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह सिसोदिया, विशाल सिंह , उम्मेद सिंह, मूल सिंह पंवार,नाथू सिंह पंवार,पप्पु सिंह चौहान,बलवंत सिंह बडगुर्जर, किशोर सिंह, राजेन्द्र सिंह,भंवर सिंह, भीम सिंह, नरपत सिंह देया, उदय सिंह ईन्दा, शैतान सिंह राठौड, मदन सिंह भाटी, विक्रम सिंह चौहान समेत ईकाई के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह के लिए पंजीयन जारी

जालोर, (कासं)। श्री सरियादे सेवा संस्थान कार्यकारिणी की बैठक रविवार रात्रि को प्रजापत छात्रावास जालोर में संपन्न हुई। संस्थान अध्यक्ष नरपत लाल आर्य ने बताया कि आगामी अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह के बारे में विस्तृत विचार विमर्श किया गया । आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक पांच जोडो द्वारा सामूहिक विवाह के लिए पंजीयन करवाया गया है तथा पंजीयन की अंतिम तारीख 31 मार्च है। इसलिए बैठक में समाज बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ों के पंजीयन करवाए जाने की अपील की गई । बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सामूहिक विवाह समारोह के लिए स्थल चामुंडा गार्डन तय किया । साथ ही भोजन व्यवस्था व कन्यादान व्यवस्था के बारे में भी चर्चा की गई तथा आमंत्रण पत्रिका में दिए जाने वाले विज्ञापन एवं आजीवन सदस्यों की संख्या वृद्धि के लिए प्रयास किए जाने के बारे में भी गहन चर्चा की गई तथा अधिक से अधिक कन्यादान देने हेतु भी अपील की गई। बैठक में संस्थान के कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाडा सहित गलबा राम आर्य , चंपालाल देवडा, सुरेश कुमार बडवाल, वचनाराम देवडा, फुलाराम सियोटा, शंकर लाल देवडा, ललित देवडा, महेंद्र राठौड, उत्तम चंद्र देवडा, शांतिलाल पोनेचा, श्याम देवडा, गोकुल देवडा, महेंद्र मेवाडा एवं विक्रम कुमार देवडा उपस्थित थे।

वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पुस्तक का विमोचन

जालोर, (का.सं.)। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर में जालोर विधानसभा में गत 1 वर्ष में हुए विकास कार्यों व उपलब्धियों पर आधारित विधानसभा जालोर की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पुस्तक का विमोचन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गत 1 वर्ष में जालोर विधानसभा में विभिन्न विकास के कार्य करवाए गए हैं जिसका विभागवार ब्यौरा विधानसभा जालोर की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पुस्तिका में किया गया हैं। इस पुस्तक के माध्यम से आमजन को विगत 1 वर्ष में जालोर विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी मिल सकेंगी। विमोचन के दौरान भवानी सिंह धाँधिया, बजरंग लाल जांगिड़, कैलाश सिंह मेड़तिया, शिवकुमार खीचड़ व अनिल कुमार सोनी उपस्थित रहे।

आर्य वीरों ने बलिदान दिवस मनाया

जालोर, (कासं)। आर्य वीर दल एवं आर्य समाज जालोर के तत्वावाधन में रविवार देर शाम को शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस को मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर तीनों से जुड़े जीवन प्रसंग पर लघु नाटिका निलेश वैष्णव के नेतृत्व में प्रस्तुत की गई। अध्यक्ष कृष्ण कुमार शिक्षाविद मुकेश शिवाजी, राजेंद्र सिंह काबावत, प्रदेश संचालक विनोद आर्य व महामंत्री शिवदत्त आर्य सहित वक्ताओं ने अमर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी तथा उनके प्रेरक प्रसंग सुनाए। इस अवसर पर महिला और पुरुषों ने मशाल जलाकर जिंदाबाद के नारे लगाए।

सुहागिनों ने रखा दशा माता का व्रत

पाली, (नि.सं.)। चैत्र की दशम के अवसर पर अपने घर की खुशाली सुरक्षा के लिए सुहागिनों ने सोमवार को दशा माता का व्रत रखा। सुहागिनों ने सज धज कर पूजा की थाली सजा कर जिसमें कंकू मौली दही मेहंदी पीला धागा में 10 गांठे लगी हुई होती है, उसको गले में पहनकर पीपल की पूजा की और पीपल को सूत्र लपेट कर परिक्रमा की। उसके बाद दशा माता की कथा सुनी। बाद में उपवास खोला। इस अवसर पर शहर के जगह पर महिलाएं पीपल की पूजा करती नजर आई।

मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किए

जालोर, (का.सं.)। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सांचौर तहसील के पीर की जाल प्रतापपुरा में स्थित दरगाह पीर अब्बनशाह के 31 मार्च से 6 अप्रेल तक आयोजित होने वाले वार्षिक उर्स मेले में कानून एवं लोक-शांति बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट सांचौर को मेला मजिस्ट्रेट एवं इनके सहयोग के लिए तहसीलदार सांचौर को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देशित किया कि नियुक्त मजिस्ट्रेट वस्तुस्थिति में समय-समय पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सांचौर व जालोर को अवगत करवाते रहेंगे।

अंबालाल को राम जन्मोत्सव शोभायात्रा का संयोजक बनाया

जालोर, (कासं)। विश्व हिंदू परिषद जालोर की ओर से प्रेरित सनातन महोत्सव समिति के वार्षिक योजना बैठक रविवार देर शाम का शुभारंभ पूज्य संतों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

विश्व हिन्दू परिषद के दिनेश जीनगर ने बताया कि सनातन महोत्सव समिति के वार्षिक योजना बठक सुंदेलाव तालाब पर हनुमानजी मंदिर के महंत पवनपुरी महाराज, मलकेश्वर मठ के श्रवण भारती महाराज, गुप्तेश्वर मंदिर के मौनी महाराज व वागेश्वर महादेव मंदिर मठ के दुर्गागिरिजी आदि पूज्य संतों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सोहन अग्रवाल ने गीत का दोहरान करवाया तथा विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष द्वारा पिछले वर्ष शोभा यात्रा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में प्रांत सह धर्माचार्य प्रमुख शिवलाल सुथार ने श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शोभायात्रा में अधिकतम लोगों, समाजो एवं संगठनों की भागीदारी बढे, समिति को ऐसे प्रयास करने का आग्रह किया गया। कोषाध्यक्ष दशरथ वैष्णव द्वारा आय व्यय का लेख प्रस्तुत किया गया।

बैठक की नवीन घोषणा में सर्व सहमति से अंबालाल व्यास को शोभायात्रा संयोजक, बनवारीलाल शर्मा को समिति सचिव तथा तरुण सिद्धावत



अंबालाल व्यास

को कोषाध्यक्ष बनाया गया । जिसका सभी ने ध्वनि मत से अनुमोदन किया। बंशीलाल सोनी ने आने वाली रामोत्सव को भव्य बनाने हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत दिये। शोभायात्रा संयोजक कैलाश माहेश्वरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान बैठक में सभी संगठनो, समाजों के प्रतिनिधि के रूप में गणपतसिंह बगेडिया, प्रवीण खंडेलवाल, विहिप के जिला सह मंत्री रतनसिंह, जिला धर्माचार्य प्रमुख प्रवीणसिंह नाथावत, गोपाल वैष्णव, दिनेश गोयल, हीरालाल लोहार, नरपत माली, शैतानसिंह, सुरेश जैन, ओटाराम माली, गजेंद्रसिंह सिसोदिया, अंबिका प्रसाद तिवारी, भोमसिंह, बजरंग दल के जिला सह संयोजक भरत घांची, नगर सयोजक महेश माली, जितेंद्र सेन, तरुण त्रिवेदी, दिनेश बारोट, भागीरथ गर्ग, अर्जुनसिंह सिंधल, ओटाराम सोलंकी सहित कई धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया

जालोर के सिलावटान मोहल्ला में रमजान माह को लेकर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। रहमतों व बरकतों के पवित्र माह रमजान में मुस्लिम समाज द्वारा रोजे रखकर इबादत की जा रही है। रविवार शाम को सिलावटों के मोहल्ले किले की घाटी स्थित मस्जिद सिलावटान में सिलावटान मस्जिद के पेश ईमाम सलीम मुस्तफाई की सरपरस्ती में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कर देश में अमन चैन एव खुशहाली की दुआ मांगी गई।

मौलाना सलीम ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम रमजान के मुबारक महीने में आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढावा देने के लिए किए जाते है। कार्यक्रम संयोजक शहजाद खान ने बताया कि रमजान माह के इस पवित्र माह में इस तपती गर्मी में भूखे प्यासे रहकर खुदा की इबादत कर रहे है। रविवार को सिलावटान मस्जिद में रोजेदारों के लिए सिलावट समाज की ओर से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कर देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। काफी संख्या में रोजेदारों ने इफ्तार पार्टी में भाग लिया। इफ्तार पार्टी में रोजगारों के लिए खजूर, फल, शरबत, मिठाई नमकीन , पानी बोतल और पारंपरिक व्यंजन की व्यवस्था की गई।

इस दौरान लियाकत अली, रहमान खान, पूर्व पार्षद अयूब शेख, मुश्ताक खान,सलीम जावेद, सिराजुद्दीन खान, इमरान खान,वाजिद अली, जानशेर खान,, बरकत खान, सादीक मोहम्मद, राजू शेख, अयूब खान, इरफान खान,जहांगीर खान, अनवर खान, अरमान खान, एजाज अली ,अल्ताफ खान, वसीम अकरम, जुनैद खान, समीर खान, हफीज खान, नवाज खान आबाद खान, अरशद खान , नोहसिन, अहवान, हमजा, हुमायूं , तन्मय आदि मौजूद थे।

शेखावत ने मुरलीधर खत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत जैसलमेर यात्रा के दौरान सीमाजन कल्याण समिति से जुड़े मुरलीधर खत्री से मिलने उनके घर पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

जैसलमेर, (नि.सं.)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत जैसलमेर यात्रा के दौरान सीमाजन कल्याण समिति से जुडे श्री मुरलीधर खत्री के निवास पर पहुंचे व उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली।

मुरलीधर खत्री ने अपने परिवार सहित पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत का स्वागत किया।

ज्ञात रहे कि वर्षों पूर्व सीमाजन कल्याण समिति जैसलमेर जिले से शेखावत जुड़े हुए थे, तब शेखावत की भेंट जैसलमेर के अचलदास डांगरा से पत्रकार के नाते हुई थी। शेखावत द्वारा जिले के सरहदी गांव के ग्रामीणों को सीमा जन कल्याण का उद्देश्य समझाया गया, जिसका फल आज ग्रामीणों को मिल रहा है। मुरलीधर खत्री उन्ही दिनों शेखावत के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में उनके संग रहे हुए हैं। वर्तमान में शेखावत पूर्व के स्नेह को निभाने खत्री के घर आये।

भारत शब्द के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू

पोकरण, (कासं)। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के तत्वावधान में देश के नाम के लिए केवल भारत शब्द का प्रयोग करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के विक्रम सिंह रावलोत ने बताया कि न्यास द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान एक राष्ट एक नाम- भारत रखने एवं इंडिया शब्द हटाने के लिए राष्ट्र व्यापी हस्ताक्षर अभियान जोरशोर से जारी है। अभियान के तहत जोधपुर सांसद एवं केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय गजेंद्र सिंह शेखावत के पोकरण प्रवास के समय एक प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री तथा पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी से भेंट कर हस्ताक्षर करवाकर इस अभियान में समर्थन लिया। इस मौके पर पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी ने वीडियो जारी कर इस अभियान में सभी नागरिकों को सम्मिलित होने का आव्हान करते हुए बताया कि हमारे देश का प्राचीन समय से नाम भारत, आर्यवर्त और हिंदुस्तान था। अंग्रेजों ने इसे इंडिया कर दिया जो कि गुलामी का प्रतीक है अतः इंडिया शब्द को सब प्रकार के व्यवहार से हटाकर देश का एक ही नाम भारत रखा जाए। उन्होंने अभियान की सफलता की कामना कर अभियान में लगे लोगों का साधुवाद प्रकट किया।

प्रतिनिधि मंडल में भारत विकास परिषद के कुंभ सिंह चंपावत, देवी सिंह भाटी, जेठाराम सुथार तथा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के राणीदान सिंह भुट्टो, नारायण सिंह तंवर, अनिल शर्मा, गंगासिंह भाटी आदि साथ रहे।

मतदाता सूचियों पर चर्चा की

जालोर, (नि.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शत प्रतिशत पात्र का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता नियुक्त करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैङ्क सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, चुनाव शाखा के नायब तहसीलदार राजेश व्यास, भारतीय जनता पार्टी के रवि सोलंकी, केशव व्यास व सुरेश सोलंकी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के रमेश सोलंकी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार राजनैतिक दल के संबंधित पदाधिकारी बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करते हुए उनकी सूचना ईआरओ के माध्यम से भिजवायें ताकि उक्त सूचना निर्वाचन विभाग को प्रेषित की जा सकें। बैङ्क में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान प्रतिशत में सुधार, मतदाता सूची में लिंगानुपात और मतदाता जनसंख्या अनुपात में सुधार को लेकर भी चर्चा की गई।

गणेश महिला मंडल ने गणगौर उत्सव मनाया

पाली में गणेश महिला मंडल ने गणगौर उत्सव आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली , (नि.सं.)। गणेश महिला मंडल ने गणगौर उत्सव निजी गार्डन में आयोजित किया।

महिला मंडल अध्यक्ष भाग्यवंती गहलोत ने बताया कि हंसु वैष्णव, अंजु बिड़ला, कौशल्या, संतोष, मंजु, भावना, डिंपल, शकुंतलर, प्रकाश, विजय लक्ष्मी, सनी, लता, सुंदर, कुसुम लता, आशा, कंचन, प्रमिला, शांति, गौरी, हेमु, ललिता आदि महिलाओं ने खेलण दो म्हाने गणगौर घुडलो घुमेला आदि गीतों का आंनद उठाया।

खगड़ी चारभुजा मंदिर में रामनवमी मेले पर चर्चा की

पाली, (नि.सं.)। समस्त क्षित्रय घांची समाज महासभा खांगडी में रामनवमी मेले को लेकर चारभुजा मंदिर प्रांगण में कार्यकारिणी व सदस्यों की बैठक महासभा अध्यक्ष आनंद सोलंकी के अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में खांगडी पारा के अधिनस्थ गांवों के समाज बंधुओं ने भाग लिया।

इस मौके पर मेला आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया। सचिव प्रभुराम राठौड़ ने बताया कि रामनवमी मेला महोत्सव अध्यक्ष सांसद पी पी चौधरी,मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद व प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी होंगे। बैठक में समस्त पारा व प्रवासी बंधुओं को आमंत्रण पत्रिका वितरण करने के लिए कमेटी नियुक्त की गई। मेले में प्रसादी, पेयजल, टेंट व पांडाल समेत विभिन्न व्यवस्था को अलग अलग कमेटिया बनाकर जिम्मेवारी सौंपी।

महासभा उपाध्यक्षों को उनके पारा के विभिन्न गांवों के अध्यक्ष व समाज चौधरी एवं लाभार्थी परिवार को पत्रिका वितरण की जिम्मेदारी दी। मेले में शोभायात्रा, धर्मशाला व्यवस्था,चाय व पानी व्यवस्था कमेटी, रसीद संग्रह कमेटी, साफा चुंदड़ी, माला खरीदी की कमेटिया नियुक्त की गई। मेला की व्यवस्था में चिकित्सा ,पुलिस प्रशासन समेत व्यवस्था के बारे में सर्व सम्मति से निर्णय लिया। मेला निर्णायक कमेटी में आनंद सोलंकी, मंशाराम परमार बाली, पुखराज चौधरी सुमेरपुर, राजाराम परिहार कोसेलाव, थानाराम बाली, नेनमल बोराणा, हिमतराम, मुकेश मोदी चाणोद को रखा गया।

बैठक में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार, कन्हैयालाल पंवार, कालूराम पंवार, दिनेश पंवार, गिरीश भाटी, राकेश गहलोत जीवाराम गहलोत, पोकरराम परमार,मुकेश भाटी, पदमाराम सोलंकी,हीराराम सोलंकी, रमेश राठौड़, किस्तूरचंद, दिनेश परमार, देवाराम परमार, जितेंद्र भाटी, किशोर सोलंकी, चंपालाल परमार, मांगीलाल परमार,शांतिलाल परमार, गणेशराम राठौड़, उम्मेदराम खांगडी, राजेश आउवा आदि मौजूद रहे।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक की

जालोर, (नि.सं.)। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

चिकित्सक शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर

बीकानेर,(कासं)। नेशनल मेडिकल कमीशन के निर्देशानुसार तथा सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी के मार्गदर्शन में बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन के चतुर्थ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज सभागार में 24 मार्च से प्रारम्भ हुआ तथा यह शिविर 26 तक चलेगा।

इस प्रशिक्षण शिविर में 30 चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस हेतु एन. एम. सी. के कन्वेयर तथा प्राचार्य महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर से डॉक्टर एन. डी. सोनी ने निरीक्षण किया। इस शिविर के दौरान डॉक्टर रेणु सेठिया, डॉक्टर तरूणा स्वामी, डॉक्टर शैलेंद्र सहारण, डॉक्टर ओमप्रकाश, डॉक्टर विनोद छींपा, डॉक्टर बाबूलाल मीणा,डॉ. गौरव शर्मा तथा डॉक्टर सुमिता तंवर ने एम.बी.बी.एस. विद्यार्थियों को किस तरह पढ़ाया जाए व पढ़ाने व परीक्षण के बारे में नई तकनीकों व एन.एम.सी. के दिशा निर्देशों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। साथ ही लेक्चर कैसे देना है एवं नई तकनीक से पढ़ाने के तौर-तरीकों पर भी चर्चा हो रही है। चिकित्सा शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है व एक चिकित्सक स्वयं भी जिंदगी भर सीखता है व नई तकनीकें उपयोग में लाता है। अतः समय- समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता रहती है।

बाड़मेर में मुख्यमंत्री की यात्रा की तैयारी पूरी

बाड़मेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को बाडमेर के आदर्श स्टेडियम में मातृ वंदन कार्यक्रम के साथ राजस्थान दिवस उत्सव का आगाज करेंगे।

इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में शिरकत करने के साथ विभिन्न जिलों के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री की बाडमेर यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को दोपहर 3 बजे बाडमेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में पहुंचेंगे। जहां उच्च शिक्षा विभाग की कालीबाई भील योजना के तहत बालिकाओं को स्कूटियां वितरित करेंगे। इस दौरान लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 30 हजार लाभार्थियों के खातों में डीबीटी की जाएगी। इसके अलावा महिला स्वयं सहायता समूहों को सीआईएफ राशि हस्तांतरित की जाएगी। जिला कलक्टर ने बताया कि राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में ऊर्जा विभाग की ओर से 5 हजार महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप वितरण के साथ विवेकानंद स्कॉलरशिप के चयन पत्रों का वितरण, गार्गी पुरस्कार योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के तहत 31790 लाभार्थियों के खातों में 13.16 करोड की राशि हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,उप मुख्यमंत्री श्रीमती दियाकुमारी, प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के.विश्नोई के साथ विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, विभागीय उच्च अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों के साथ लाभार्थियों से संवाद एवं संबोधित करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मंगलवार सांय 5 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करने का कार्यक्रम निर्धारित है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मंगलवार को बाडमेर जिले की प्रस्तावित यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। जिला कलक्टर टीना डाबी, जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत समेत विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आदर्श स्टेडियम में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

जालोर क्लब में सम्मेलन आज

जालोर, (का.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 25 मार्च, मंगलवार को महिला सम्मेलन जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जालोर क्लब में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि विभागों के समन्वय से मिनट टू मिनट कार्यक्रम का आयोजन होगा।